दैनिक
न्याय साक्षी



## संपादकीय

# पाकिस्तान की बौखलाहट

भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने और दो केंद्र शासित प्रदेश बनाये जाने से पाकिस्तान को काठ मार गया लगता है। दरअसल, घटनाक्रम इतना गोपनीय रहा कि उसकी खुफिया एजेंसियों तक को भनक नहीं लगी। दशकों से जनता को कश्मीर मुद्दे पर उद्वेलित करने के कारण पाक हुक्मरानों व सेना पर लोगों का भारी दबाव है। दूसरे राजनीतिक दल व कट्टरपंथी संगठन लोगों को इसके खिलाफ लामबंद कर रहे हैं। पाक से मामला न निगलते बनता है और न उगलते। दो दिन की ऊहापोह के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक में लिये गए फैसलों में भारत से राजनयिक संबंधों का दर्जा घटाने, द्विपक्षीय व्यापार खत्म करने, द्विपक्षीय मामलों की समीक्षा, मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र संघ ले जाने, 14 अगस्त को कश्मीरियों के साथ खड़ा होने, पंद्रह अगस्त को काला दिवस मनाना शामिल है। पाक ने उसके कुछ भूभागों से भारत के हवाई जहाजों के उड़ने पर रोक लगा दी है। ध्यान रहे कि बालाकोट एयर स्ट्राइक के बाद भी पाक ने अपने इलाकों से भारतीय हवाई जहाजों के आवागमन पर रोक लगा दी थी, जिसे पिछले महीने ही खोला गया था। निःसंदेह हताशा व बौखलाहट में ही पाक ऐसे कदम उठा रहा है। वह कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करना चाह रहा है। यह जानते हुए भी कि संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दे को कोई तरजीह नहीं दी जाती, जिसके लिये वह खुद जिम्मेदार है। जहां तक भारत से व्यापार बंद करने का सवाल है तो यह कदम उसके लिये ही आत्मघाती साबित होगा। पुलवामा हमले के बाद भारत द्वारा पाक से आयात किये जाने वाले सामान पर कर लगाये जाने से पहले ही व्यापार कम हो गया है। उस पर भारत से जो सस्ता प्याज-टमाटर पाकियों को राहत देता था, वो बंद हो जायेगा।

निःसंदेह पाक की भारत से व्यापार स्थगित करने की एकतरफा कोशिश का ज्यादा नुकसान पाक को ही होने जा रहा है। सीधी सी बात है कि भारत की निर्भरता पाक पर कम है और पाक की ज्यादा है। इस बात का अहसास पाक को भी है। पाकिस्तानियों को भी पता है कि पुलवामा हमले के बाद पाक के सामान पर भारत ने जो दो सौ प्रतिशत की ड्यूटी लगाई थी, उसकी वजह से पहले ही दोनों देशों में व्यापार न्यूनतम स्तर पर है। ऐसे में भारत से आने वाले सामान का आना बंद होने पर पाक दूर से ये सामान मंगवायेगा, जिससे उसकी लागत भी बढ़ जायेगी। जिसका दबाव निश्चित रूप से पहले से ही चरमराई अर्थव्यवस्था पर ही पड़ेगा। देश की अर्थव्यस्था डायलिसिस पर है और इमरान खान सेना को सतर्क रहने और परमाणु शक्ति यों के जुमले दोहरा रहे हैं। इसके बावजूद भारत ने पाक के कदमों पर सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। भारत ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि पाक की दलीलें जमीनी हकीकत से मेल नहीं खातीं। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने जारी एक बयान में पाक द्वारा लिये गये एकतरफा फैसलों पर खेद जताया। साथ ही इस बात पर भी बल दिया कि फैसलों पर पुनर्विचार करते हुए कूटनीतिक संपर्क की गुंजाइश बनी रहनी चाहिए। विदेश मंत्रालय ने इस मुद्दे को भारतीय संविधान व संप्रभुता से जुड़ा मसला बताते हुए कहा कि यह निर्णय कश्मीर के आर्थिक विकास को गति देने तथा लैंगिक व सामाजिक असमानता दूर करने का प्रयास है, जिसे नकारात्मक नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। साथ ही चेताया भी है कि इन भावनाओं का उपयोग सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिये नहीं किया जाना चाहिए। यह भी कि डर फैलाकर दखल देने की कोशिशें कामयाब नहीं होने दी जायेंगी। बहरहाल, पाक के अतीत को देखते हुए भारत को सतर्क रहना चाहिए।

# खरीदी से दलहनों में मजबूती, अनाज में सुधार



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मिलगत कमी के साथ दाल मिलों की लिवाली से सप्ताहांत दलहनों के भाव में सुधार दर्ज किया गया। दलहनों की मजबूती के साथ खुले दालों के भाव ऊंचे रहे। अनाज में व्यापार सुधार लिए बताया गया।

सप्ताहांत दाल मिलों की लिवाली से दलहन जिन्सों में मजबूती दर्ज की गई। कारोबार के प्रथम दिन चना 4225 से 4250 रुपये खुलने के बाद सप्ताहांत 4300 से 4325 रुपये होकर बंद हुआ। मूंग 5600 से 5700 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 5000 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसके भाव 5850 से 6000 रुपये होकर बंद हुए। कारोबार के प्रथम दिन जो तुअर 5000 से 5800 रुपये बिकी जो शनिवार को 5100 से 6000 रुपये प्रति क्विंटल होकर थमी। सोमवार को उड़द 4900 से 5000 के स्तर पर खुलकर सप्ताहांत इस स्तर पर बंद हुई। वहीं मसूर 4100 से 4125 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद कारोबार के अंतिम दिन 4200 से 4225 रुपये होकर थमी। दलहनों की मिश्रित रंगत के साथ दालों के भाव नीचे हुए। शुरूआत में मूंग दाल तथा मूंग मोगर सस्ती बिकी, लेकिन बाद में भाव मजबूती लिए बताए गए।

सप्ताहांत नए गेहूं में उपलब्धता साधारण रही। सप्ताहांत गेहूं 2075 से 2350 रुपये क्विंटल बिका। मिल क्वालिटी कामकाज में गेहूं इन्दौर डिलीवरी 2160 से 2200, जलगांव 2300, थाणा 2370, पुणे 2450, हैदराबाद 2470 तथा बंगलुरु 2550 रुपये क्विंटल बिका। मक्का में दिसावरी मिलों की पूछपरख से भाव बढ़े रहे। पीली मक्का इन्दौर डिलीवरी 2020 रुपये बिकी। सप्ताहांत गेहूं की दैनिक आवक 04 से 05 हजार बोरी की रही। मक्का में घाटा बिल्लौद 2430, अहमदाबाद 2350 तथा धूलिया तरफ 2350 रुपये के स्तर पर सौदे हुए। इस बीच रवा, मैदा, चक्की आटा गेहूं की तेजी के साथ ऊंचा बिका।

## वाहन चालकों के लिए बदले 19 ट्रैफिक रूल्स

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मोटर वाहन (संशोधन) विधेयक 2019 को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। इसमें ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने जैसे नियमों को सख्त और यातायात नियमों के उल्लंघन पर अधिक जुर्माने का प्रस्ताव किया गया है। संसद ने इस हफ्ते की शुरुआत में इस विधेयक को मंजूरी दे दी थी। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि मोटर वाहन संशोधन विधेयक 2019 को नौ अगस्त 2019 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है।

बता दें कि ट्रैफिक नियम तोड़ने पर सख्त सजा होगी। इस बिल में प्रावधान है कि कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए एक्सीडेंट करता है, तो उसके पेरेंट्स को 3 साल तक जेल होगी। वाहन रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर दिया जाएगा। जुर्माने की रकम भी कई गुना बढ़ाई गई है। नए कानून के तहत, आपातकालीन वाहनों को रास्ता नहीं देने और अयोग्य होने के बावजूद गाड़ी चलाने के लिए 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। ड्राइविंग लाइसेंस नियमों का उल्लंघन करने वाले एग्रीगेटर्स पर 1 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने पर 1,000 से 2,000 रुपये का जुर्माना लगेगा।

## पाकिस्तान को हराकर भारत एशियन अंडर-23 वॉलीबॉल के फाइनल में



**नेपीता।** भारत ने पाकिस्तान को हराकर पहली बार एशियन अंडर 23 वॉलीबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर इतिहास रच दिया। भारतीय टीम ने इसके साथ ही आगामी एफआईवीबी पुरुष अंडर-23 चैंपियनशिप के लिए भी चॉलिफाइ कर लिया।

भारत ने 21-25, 25-16, 25-22, 25-18 से जीत दर्ज की। अब रविवार को फाइनल में उसका सामना चीनी ताइपे से होगा। चीनी ताइपे ने जापान को एक कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया था।

अमित गुलिया के नेतृत्व में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और पहला सेट हारने के बाद अगले तीन सेटों में शानदार जीत दर्ज की।

## ऐथलीट्स की डाइट का ख्याल रखने के लिए न्युट्रिशनिस्ट और शेफ हायर करेगा साई



**नई दिल्ली।** भारतीय ऐथलीट्स की सेहत का खास ख्याल रखने के मकसद से स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया एक खास प्लान लेकर आया है। देश भर में मौजूद साई सेंटरों पर अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों की डाइट और उनके पोषण का खास ख्याल रखने के मकसद से साई प्रफेशनल न्युट्रिशनिस्ट और शेफ नियुक्त करने की तैयारी कर रहा है। खिलाड़ियों की सेहत से जुड़ी स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की यह एक अनूठी पहल है।

इसके योजना के तहत दिल्ली, पटियाला, बेंगलुरु, तिरुवनंतपुरम, कोलकाता, भोपाल, गांधीनगर, लखनऊ, इम्फाल, गुवाहाटी, मुंबई, सोनीपत, औरंगाबाद, रोहतक और ऐलीपी में मौजूद साई केंद्रों पर यह व्यवस्था लागू होगी। साई ने अपनी इस योजना को अमल में लाने के लिए न्युट्रिशनिस्ट, सहायक न्युट्रिशनिस्ट, शेफ, सहायक शेफ और मेस प्रबंधकों के पदों के लिए आवेदन भी मंगवा लिए हैं। इस साल 15 सितंबर तक इन पदों पर नियुक्ति होने की उम्मीद है।

## बोतल कैप चैलेंज में विराट भी कूदे, रिवर्स हिट से खोला ढक्कन



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर आए दिन कोई न कोई नया चैलेंज सामने आता रहता है। पिछले कई दिनों बोतल कैप चैलेंज चल रहा था, जिसमें लोग अपने अनूठे अंदाज में बोतल का ढक्कन खोलते थे। इस चैलेंज में अब टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली भी अपने ही अंदाज में शामिल हो गए हैं। विराट ने 15 सेकंड का एक विडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया है, जिसमें वह अपने बैट से बोतल का ढक्कन खोलते दिख रहे हैं। क्रिकेट के मैदान पर विराट कोहली को शायद ही कभी आपने रिवर्स शॉट खेलते देखा होगा। लेकिन विराट ने इस शॉट की झलक इस चैलेंज में पेश की है।

इस विडियो के बैकग्राउंड में चल रही कॉमेंट्री उसे और भी खास बनाती है। विडियो के साथ जो आवाज मिक्स की गई है वह टीम इंडिया के कोच रवि शास्त्री की है। शास्त्री जब क्रिकेट कॉमेंट्री करते थे, तब की उनकी कोई कॉमेंट्री की क्लिप इसमें शामिल की गई है।

## पेट्रोल, ई-वाहनों पर जोर देगी ऑडी इंडिया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** लग्जरी कार निर्माता ऑडी भारत में अगले साल अप्रैल से लागू होने वाले बीएस-6 नियमों को देखते हुए देश में पेट्रोल, हाइब्रिड और बैटरी चालित वाहनों पर जोर दे रही है। कंपनी डीजल कारों को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रही है। देश में वाहन उद्योग में नरमी को देखते हुए ऑडी इंडिया को आशंका है कि अगले साल भी बिक्री सुस्त रहेगी। कंपनी ने बीएस-6 को लागू किये जाने के बाद 2021 में ही मांग के गति पकड़ने की उम्मीद जाहिर की है। कंपनी अगले साल की शुरुआत में अपनी पहली पूरी तरह बैटरी चालित एसयूवी ई-ट्रॉन को बाजार में पेश करने की तैयारी कर रही है।

## एक सप्ताह में दो हजार रुपए से भी ज्यादा महंगा हुआ सोना

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** विदेशों में सोने की कीमतों में लगातार जारी तेजी के बीच आभूषण निर्माताओं ने भी पीली धातु की खरीद बढ़ा दी है जिससे बीते सप्ताह दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 2,2250 रुपये की ऊँची छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 38,420 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। विदेशों में सोने की कीमत 3.18 प्रतिशत बढ़ी तो स्थानीय बाजार में यह 6.22 प्रतिशत बढ़ गयी। रुपये की गिरावट का असर भी देखा गया। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, गत सप्ताह वहाँ सोना 45.85 डॉलर चढ़कर 1,496.50 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया।

## विश्व चैंपियनशिप में भाग लेना सपना सच होने जैसा: मंजू रानी




**नई दिल्ली।** स्ट्रांजा कप मुक्केबाजी टूर्नमेंट में रजत और इंडिया ओपन तथा थाइलैंड ओपन में कांस्य पदक जीतने वाली भारत की महिला मुक्केबाज मंजू रानी का मानना है कि एआईबीए महिला वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेना उनके लिए सपने सच होने जैसा है। मंजू भारत की उस 10 सदस्यीय महिला टीम में शामिल हैं जो तीन से 13 अक्टूबर तक रूस के उलान उदे में होने वाली एआईबीए महिला वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। मंजू सहित पांच ऐसे मुक्केबाज हैं, जो पहली बार इसमें हिस्सा लेने जा रही हैं।

रूस में ही सितंबर में पुरुषों की विश्व चैंपियनशिप का आयोजन होना है। मंजू ने कहा कि वह इस चैंपियनशिप में भाग लेने को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, 'इसमें भाग लेना मेरे लिए किसी सपने के सच होने से कम नहीं है। इससे पहले, मैंने कभी इसमें भाग लेने के बारे में सोचा नहीं था। मैं वहां पर जाने और इसमें खुद को साबित करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता कि इस चैंपियनशिप में पदक जीतने के लिए मुझे और ज्यादा ट्रेनिंग करने की जरूरत है और मैं उसी के अनुसार मेहनत कर रही हूं।'

मंजू ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में तीन दिनों तक चले ट्रायल्स में प्रेजिडेंट कप की स्वर्ण पदक विजेता मोनिका को हराकर विश्व चैंपियनशिप के लिए टीम में अपनी जगह पक्की की।

## आज का राशिफल

*मेषः-* आज मानसिक रूप से अशांत रह सकते हैं। किसी कार्य में मन नहीं लगेगा। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं और स्वास्थ्य के प्रति भी सावधानी बरतें।

*वृषभः-* आज आपका प्रयास रंग लाएगा और शुभ समाचार मिलेगा। नए अवसर जीवन में परिवर्तन लाएंगे। विरोधी परास्त होंगे, यात्रा लाभकारी रहेगी।

*मिथुनः-* आज का दिन आपके लिए मंगलकारी होगा। कहीं से आपको धन लाभ मिल सकता है। मंगलमय यात्रा होगी और अचानक लाभ से मन प्रसन्न हो जाएगा। अल्प प्रयासों से यश प्राप्त करेंगे।

*कर्कः-* साझेदारी के काम में लाभ ना के बराबर हो सकता है। अपने परायों की तरह व्यवहार करेंगे। स्वास्थ्य का पूरी तरह ध्यान रखें।

*सिंहः-* ग्रहों की स्थिति अनुकूल नहीं है। महत्वपूर्ण कार्यों को आज हो सके तो टाल दें। अप्रिय समाचार मिलने से मानसिक कष्ट होगा। सोच-समझकर ही यात्रा एवं कार्य-व्यवहार करें।

*कन्याः-* आज आपको यात्रा से लाभ होगा। उर्जा और उत्साह में वृद्धि होगी जिससे कार्यों में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। मनोनुकूल लाभ मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे।

*तुलाः-* आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त होगा। जिन क्षेत्रों में प्रयास करेंगे उनमें सफलता मिलेगी। यश और मान-सम्मान में वृद्धि का योग बन रहा है। कोई नया ऑर्डर अथवा कॉन्ट्रैक्ट मिलने की संभावना है।

*वृश्चिकः-* आज आपको अपनी प्रतिभा का लाभ मिलेगा और आपकी पहचान बनेगी। नए संपर्कों से लाभ प्राप्त होगा। जोखिमपूर्ण कार्यों में रुचि बढ़ेगी।


*धनुः-* कार्यों में बाधा का योग है। धैर्य से काम लें एवं कठिनाइयों का बुद्धिमानी से सामना करें। इरादों में मजबूती उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगी।

*मकरः-* यात्रा सुखद रहेगी एवं उन्नति का समाचार मिलेगा। पुरस्कार अथवा उपहार मिलने की खुशी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में उन्नति के अवसर दिखाई दे रहे हैं। व्यापारी लोग साझेदारों के साथ समझदारी से काम करें।

*कुंभः-* कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, व्यस्त रहेंगे। सुख-समृद्धि के साथ-साथ खर्च में भी वृद्धि होगी। गुप्त शत्रु परेशान कर सकते हैं, सावधान रहें। व्यर्थ की यात्रा हो सकती है।

*मीनः-* भाग्य का साथ आज सफलता दिलाएगा। विरोधी परास्त होंगे। व्यवहार कुशलता व शांत रहकर कार्य करें तो सफलता मिलेगी।

## पनीर पॉपकॉर्न बनाने की विधि...



### सामग्री :

क्यूब्स आकार में कटा पनीर - 1 द कप, अदरक-लहसुन का पेस्ट - 1 1/2 चम्मच, मैदा - 1/4 कप, लाल मिर्च पाउडर - 1/2आधा छोटा चम्मच, काली मिर्च पाउडर - 1/2छोटा चम्मच, नमक - स्वादानुसार, ब्रैड क्रम - 1/2कप, गर्म मसाला - 1/2चम्मच, पानी - थोड़ा - सा, तेल - तलने के लिए, हरी चटनी या सॉस - सर्व के लिए


### विधि :

पनीर पॉपकॉर्न बनाने के लिए सबसे पहले आप ब्रैड क्रमब्स में लाल मिर्च पाउडर और नमक डालकर अच्छे से मिला लें। अब एक दूसरे बाउल में मैदा, लाल मिर्च, काली मिर्च, नमक, गर्म मसाला और पानी डालें और गाढ़ा घोल तैयार कर लें।अब इस घोल में कटे हुए पनीर के क्यूब्स डालें और अच्छी तरह पनीर के ऊपर मैदा लगाएं। अब मैदे के घोल से एक-एक करके पनीर को निकालें।फिर तैयार किए हुए ब्रैड क्रमब्स में पनीर को अच्छी तरह रोल करें।अब सारे पनीर के टुकड़ों पर ब्रैड क्रम लगाकर एक प्लेट में निकाल लें और फ्रिज में पंद्रह मिनट के लिए रख दें।एक कड़ाही में तेल गर्म करें और फ्रिज से पनीर को निकाल कर तेल में तले।पनीर को धीमी आंच पर अच्छी तरह पकाएं और गोल्डन ब्राउन होने पर टिशू पेपर पर पनीर को निकाल लें ताकि एक्स्ट्रा तेल निकल जाएं।पनीर पॉपकॉर्न बनकर तैयार हैं। इन्हें हरी चटनी या सॉस के साथ सर्व करें।पनीर पॉपकॉर्न आपके घर के सभी लोगों को खूब पसंद आएगा।

## शब्द सामर्थ्य- 53

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 52 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | ध्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | वं | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू-दोकू- 53

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.52 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |